2020/00624

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री भूपेन्द्र कुमार निवासी बिया खेड़ा पोस्ट काबरा तहसील ब्यावर जिला अजमेर।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं. 74 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
14.12.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 23.10.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि 2014 में तत्कालीन उपखण्ड़ अधिकारी द्वारा नक्की झील मार्ग स्थित फूड़ इन रेस्टोरेन्ट (इमाम बाड़ा) को ध्वस्त करने के आदेश एवं पुनः निर्माण की स्वीकृति के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 23.10.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि 2014 में तत्कालीन उपखण्ड़ अधिकारी द्वारा नक्की झील मार्ग स्थित फूड़ इन रेस्टोरेन्ट (इमाम बाड़ा) को ध्वस्त करने के आदेश एवं पुनः निर्माण की स्वीकृति के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना नगरपालिका आबूपर्वत से संबंधित होने से एवं पोस्टल ऑर्ड़र रूपये 10/– का आयुक्त नगरपालिका के नाम होने से सूचना हेतु प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र नगरपालिका आबूपर्वत को स्थानान्तरण करने के आदेश दिये जाते है। आयुक्त नगरपालिका आबूपर्वत आवेदन प्राप्त होने पर अपीलांट को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करावें। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.01.12 17:42:20 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner